# अवैध हथियार के कारखाने में छापा

## 9 तलवार सहित सामग्री जब्त, आरोपी घर में चला रहा था अवैध कारखाना

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 दिसंबर. निशातपुरा थाना पुलिस ने अवैध हथियार के कारखाने में छापेमार कार्रवाई की है. आरोपी को हिरासत में लेते हुए पुलिस ने 9 अवैध तलवार और हथियार बनाने की सामग्रियों को जब्त कर लिया है.**



थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि गोपाल विश्वकर्मा निवासी- देवकी नगर के घर के अंदर अवैध रूप से हथियार बनाने का कारखाना है. मौके पर पहुंची पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की. आरोपी के घर के नीचे बने तलघर में अवैध हथियार बनाने कारखाना मिला, जहाँ प्रतिबंधित आकार की 9 अवैध तलवारे, अवैध हथियार बनाने की सामग्री , ग्राइंडर मशीन ,छैनी , हथौडी , लोहे की पत्तियाँ मिलीं. आरोपी के पास अवैध हथियार बनाने रखने और तैयार करने के सबंध में कोई वैध लायसेंस भी नहीं मिला. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.

## वाहन चोर से पुलिस ने जब्त की कार

हबीबगंज थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है. रविवार को पुलिस ने आरोपी के पास से एक चोरी की कार को जब्त कर लिया. गिरफ्त में आए आरोपी के पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड थानों में दर्ज होने की जानकारी सामने आई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 16 दिसंबर को फरियादी ललित श्रीवास्तव (75) निवासी अरेरा कालोनी ने अपनी कार चोरी को शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले रात के समय उन्होंने अपनी कार घर के बाहर पार्क किया था. पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की. रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति शाहपुरा लेक के पास एक कार बेंचने की फिराक में है. मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही से कार को लेकर पूछताछ की.

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने इलाके से कार चोरी की बात को स्वीकार किया. आरोपी की पहचान आदित्य तंवर (44) निवासी गांधीनगर के रूप में की गई है. आरोपी के आपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पुलिस को जानकारी मिली कि शहर के अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज है. आरोपी से अन्य मामलों में पूछताछ की जा रही है.

# राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन सामान्य

**भोपाल, 21 दिसंबर. राजा भोज एयरपोर्ट पर रविवार को उड़ान संचालन सामान्य रूप से जारी रहा. निर्धारित अवधि के दौरान यात्रियों की आवाजाही और उड़ानों का संचालन संतोषजनक रहा.**

### आगमन

- निर्धारित आगमन उड़ानें- 12
- वास्तविक आगमन उड़ानें- 13
- रद्द उड़ानें- 00
- **कुल आगमन यात्री- 2095**

### प्रस्थान

- निर्धारित प्रस्थान 12
- वास्तविक प्रस्थान 13
- प्रस्थान करने वाले यात्री 2128
- रद्द उड़ानें 0



एयरपोर्ट के निदेशक रामजी अवस्थी ने बताया कि प्रशासन सभी संबंधित एयरलाइनों और एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए हुए है, जिससे चलते यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध सेवाएं प्रदान की जा सकें. यात्रियों से अपील है कि वे यात्रा से पूर्व अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से अवश्य जांच लें.

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**भोपाल.** गोविंदपुरा इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई. रविवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक की तलाश में गोविन्दपुरा थाना पुलिस जुटी है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक मधुराग शर्मा (30) निजी कंपनी में जॉब करता था. बीते 18 दिसंबर की रात अन्ना नगर रोड जब मधुराग अपनी बाइक से जा रहा था. उसी दौरान पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल मधुकर का इलाज एम्स में चल रहा था. रविवार को मधुकर की उपचार के दौरान मौत हो गई.

# वित्तीय वर्ष के बजट पर संवाद आज

## उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा विषय-विशेषज्ञों से करेंगे चर्चा

**भोपाल, 21 दिसंबर. वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये बजट तैयारी के संबंध में बजट पर संवाद 22 दिसम्बर को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग कल्याण संचालनालय भोपाल में सुबह 10:30 बजे से होगा। बजट पर संवाद में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करेंगे।**



वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए और आम जनता से जुड़ी हुई विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवड़ा के निर्देशन में वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है।

इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण- विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिये बजट पर संवाद किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा ग़रीब,किसान, युवा, नारी शक्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह लगातार पाँचवाँ वर्ष है जब बजट पर संवाद आयोजित किया जा रहा है। बजट पर संवाद कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव देने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है।

# सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन

## मंत्री विश्वास सारंग ने दी विकास की सौगातें

**भोपाल,21 दिसंबर. मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री तथा नरेला के विधायक विश्वास कैलाश सारंग ने वार्ड क्रमांक 70 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के समीप सड़क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को कई विकास कार्यों की सौगात दी गई.**



भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में नेपाली समाज द्वारा मंत्री श्री सारंग का पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आत्मीय स्वागत किया गया. स्वागत से अभिभूत मंत्री ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा का समग्र, संतुलित और सतत विकास उनका संकल्प है. वर्ष 2008 से पूर्व नरेला क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, लेकिन भाजपा सरकार और निरंतर प्रयासों से आज नरेला ने विकास की नई पहचान बनाई है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में चौड़ी और गुणवत्तापूर्ण सड़कें, मजबूत विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और बेहतर नाली-ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध हैं.

### सभी वार्ड बनेंगे सुंदर

मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में सांदीपनी विद्यालय, अस्पताल, महाविद्यालय सहित कई शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना की गई है, जिससे नागरिकों को घर के पास ही सुविधाएं मिल रही हैं. नरेला का कोई भी वार्ड विकास से अछूता नहीं रहेगा . कार्यक्रम में नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर आर्याल सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे.

# एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों...

- **भोपाल में भावुक हुए शिवराज सिंह चौहान**

**भोपाल, 21 दिसंबर. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजनीति की व्यस्तता के बीच अपनी जड़ों से जुड़ाव का भावुक उदाहरण पेश किया. वे अपने पुराने स्कूल मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल, भोपाल पहुंचे.**



मौका था 'गोल्डन जुबली एलुमनी मीट 1975' बैच के मिलन समारोह का. यहां वे नेता नहीं, बल्कि एक पुराने सहपाठी के रूप में नजर आए. कार्यक्रम उस समय खास बन गया, जब शिवराज सिंह चौहान ने मंच से फिल्म 'गबन' का गीत- एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों.. गाकर अपने बचपन के मित्रों के प्रति आभार जताया. गीत के जरिए उन्होंने कहा कि उनके जीवन और व्यक्तित्व के निर्माण में स्कूल और दोस्तों की बड़ी भूमिका रही है. पुराने साथियों के बीच चौहान पूरी तरह सहज दिखे. उन्होंने स्कूली दिनों के किस्से साझा किए और हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत की. मॉडल स्कूल वही संस्थान है, जहां से उन्होंने छात्र राजनीति की शुरुआत की थी. मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने स्कूल के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास में योगदान दिया. बैचमेट और राष्ट्रपति पदक से सम्मानित रंगकर्मी कमल जैन ने बताया कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद दोस्तों का बुलावा मिलते ही वे आने को तैयार हो गए. यह आयोजन सिर्फ यादों का नहीं, बल्कि दोस्ती और अपनत्व की मजबूत मिसाल बन गया.

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** एमपी नगर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है. रविवार को पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कठोर कदम उठाते हुए आरोपी को जल्द ही दबोच लिया. थाना प्रभारी जयहिन्द शर्मा के अनुसार पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की. पीड़िता ने बताया कि आरोपी सुरेन्द्र ठाकुर ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद आरोपी अपनी बात से लगातार मुकर रहा है. पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू की थी.

# भोपाल में श्री राम कथा का आठवां दिन

- **नेहरू नगर में भरत मिलाप प्रसंग**

**भोपाल, 21 दिसंबर. भोपाल के नेहरू नगर डी सेक्टर में चल रही श्री राम कथा के आठवें दिन भरत मिलाप प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया. यह कथा 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी.**




भोपाल महानगर जागरूक नागरिक मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कथा का वाचन चित्रकूट धाम के बाल ब्रह्मचारी सर्वेस्वरानन्द सरस्वती महाराज कर रहे हैं. कथा संयोजक अजय पांडेय ने बताया कि यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलता है. छठवें दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया.

कथा के दौरान रामायण के भरत मिलाप प्रसंग का वर्णन किया गया. इसमें बताया गया कि जब भरत को भगवान राम के वनवास का पता चला, तो वे उन्हें वापस अयोध्या लाने के लिए चित्रकूट पहुंचे, जहां राम निवास कर रहे थे. चित्रकूट पहुंचकर भरत ने राम के चरणों में गिरकर उनसे अयोध्या लौटने का आग्रह किया.



## संत हिरदाराम की पुण्यतिथि पर महापौर राय ने श्रद्धांजलि की अर्पित

**भोपाल, 21 दिसंबर.** संत शिरोमणी हिरदाराम जी साहिब की पुण्य तिथि पर महापौर मालती राय ने श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर मालती राय ने रविवार को संत हिरदाराम जी की पुण्य तिथि पर बैरागढ़ स्थित संत जी की कुटिया पहुंचकर संत श्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## चैकिंग के दौरान यात्री बसों में मिली कई खामियां

**भोपाल.** आरटीओ ने बीते दिन शहर में दौड़ रही यात्री बसों की चेकिंग की। कार्रवाई के दौरान टीम ने बसों के दस्तावेज, रजिस्ट्रेशन अनुसार बैठने की क्षमता, फायर फाइटिंग उपकरण सहित अन्य सुरक्षा मानकों को जॉचा। चेकिंग के दौरान आधा दर्जन से अधिक वाहनो में मोटर यान अधिनियम नियमों का पालन न किये जाने पर 31 हजार जुमाने की राशि वसूली गई। एक बस में इमरजेंसी विंडो पर सीट लगे होने, फायर फाइटिंग इक्विपमेंट न होने के कारण उसका फिटनेस निरस्त किया गया। वहीं कई वाहनो में ओवरलोडिंग, फायर सेफ्टी उपकरण नहीं मिले।

# कचरा कैफे से बढ़ेगी शहर में स्वच्छता

## महापौर मालती राय और संचालक मनीष जून ने किया कचरा कैफे का निरीक्षण

**भोपाल, 21 दिसंबर. महापौर मालती राय की उपस्थिति में स्वच्छ भारत मिशन के मिशन संचालक मनीष जून ने नगर निगम, भोपाल द्वारा संचालित कचरा कैफे का निरीक्षण किया.**

नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन के सस्टेनेबल मॉडल एवं कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि कचरा कैफे जैसे नवाचारों के कारण कचरे को संसाधन के रूप में मानने के लिए नागरिकों में समझ एवं जागरूकता बढ़ती है और स्वच्छता एवं रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होती है। महापौर मालती राय ने रिसाईकिल हब में बने उत्पाद भी मिशन संचालक श्री जून को भेंट किए। स्वच्छ भारत मिशन के संचालक श्री जून ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों, रिसाईकिल प्लांटों, भानपुर खंती आदि का निरीक्षण किया जबकि स्वच्छ भारत मिशन के अन्य दल ने सीवेज प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण भी किया और वाहन ऑपरेटरों व उद्यमी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों से भी चर्चा की।

### गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, रिसाइकिल प्लांट्स भी देखे

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में उप सचिव एवं स्वच्छ भारत मिशन के मिशन संचालक मनीष जून ने रविवार को भोपाल शहर में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कचरा एकत्रीकरण, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, रिसाइकिल प्लांट्स का भी निरीक्षण किया और कचरा एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण, निष्पादन तथा अपशिष्टों को रिसाईकिल कर नये उत्पाद बनाने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।



# सोशल अवेयरनेस मैसेज के साथ ही मौज-मस्ती

- **गेम्स और फन से भरपूर रहा आईएएस सर्विस मीट**

**भोपाल, 21 दिसंबर. राजधानी भोपाल में 19 दिसंबर से शुरू हुए आईएएस सर्विस मीट के तीसरे और अंतिम दिन अफसर और उनके परिवार के सदस्यो ने 18 किमी साइकिलिंग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

साइकिलिंग की शुरुआत राजधानी के अरेरा क्लब से हुई जो सीएम हाउस, वन विहार नेशनल पार्क और सैर सपाटा होते हुए वापस अरेरा क्लब पहुंची। सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 11 वर्षीय अरण्य चौहान रहीं, जिनकी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। प्रतियोगिता में पारीकी पांडला अक्षर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 38 मिनट में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर शिवराज सिंह वर्मा (एडिशनल कमिश्नर भोपाल) और अभय सिंह संयुक्त रूप से रहे, जिन्होंने 45 मिनट में रेस पूरी की। वहीं तीसरा स्थान ईशान सुमन सिंह को मिला, जिन्होंने 47 मिनट में रेस पूरी की। इसके बाद दिन भर अरेरा क्लब में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.

वहीं शाम को अवॉर्ड सेरेमनी में अलग-अलग हाउस में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। इसके पहले सर्विस मीट के पहले दिन आईएएस अधिकारियों और उनके परिजनों ने गीत संगीत और डांस के जरिये अपनी कला का प्रदर्शन किया था। वहीं दूसरे दिन बोट क्लब में हुई रेस के दौरान आईएएस अफसरों ने चप्पू चलाकर बड़े तालाब में मौज-मस्ती की। इसके अलावा पहले और दूसरे दिन लगातार खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी इसमें शामिल होकर क्रिकेटर के रुप में एक अलग अंदाज में नजर आये थे। तीन दिवसीय मीट के समापन के दिन कई प्रतियोगिताओं में मोस्ट क्रिएटिव, बेस्ट प्रेजेंटेशन, बेस्ट एंटरटेनमेंट वैल्यू, बेस्ट कोऑर्डिनेशन के अवार्ड दिये जाने साथ ही अफसरों के परिजनों भी सम्मानित हुए।

कार्यशाला | राज्य स्तरीय माइक्रोबायोलॉजी सम्मेलन का सफल आयोजन

# भविष्य की चुनौतियों के लिए रहें तैयार : डॉ अरुणा

**नवभारत प्रतिनिधि, भोपाल, 21 दिसंबर. गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश माइक्रोबायोलॉजी एसोसिएशन के तत्वावधान में एमपी माइक्रोकॉन 2025 का सफल आयोजन 18 से 20 दिसंबर 2025 तक किया गया. यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में नवीन शोध तकनीकी प्रगति और क्लीनिकल प्रैक्टिस पर केंद्रित रहा.**



सम्मेलन के पहले दिन छह विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें एमडी छात्र छात्राओं और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. 19 और 20 दिसंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा स्मारिका का विमोचन किया.

डॉ अरुणा कुमार ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता बताई. गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ कविता एन सिंह ने विभाग द्वारा किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण कार्यों की सराहना की और संक्रमण नियंत्रण के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया. सम्मेलन में चिकित्सा महाविद्यालयों अनुसंधान संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए.

# बदमाशों ने चोरी के बाद मकान में लगाई आग

- **मकान मालिक को टूटा मिला अलमारी का लॉकर**

**भोपाल, 21 दिसंबर. पुराने शहर के मंगलवारा थाना इलाके में क्षेत्र में स्थित पटेल नगर में बने एक तीन मंजिल मकान में बीती देर रात अचानक आग लग गई। बाद में जब मकान मालिक की पत्नी ने फायरकर्मियों के साथ कमरे के भीतर जाकर देखा तो उसे वहॉं रखी अलमारी का लॉकर टूटा नजर आया और उसमें रखी लाखों की नगदी गायब थी।**

जबकि सोने-चांदी के जेवरात अलमारी में रखे हुए मिले। घटना को लेकर मकान मालिक का कहना है, मकान में चोर चोरी करने के लिए घुसे थे, और उन्होंने चोरी के सबूत मिटाने के लिए घर में आग लगाई है। वहीं पुलिस ने आगजनी का केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक पटेल नगर में दो भाई तीन मंजिला मकान में रहते हैं।

बीती रात परिवार एक शादी समोराह में गया था। इसी दौरान उनके घर में अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायरकर्मियों पहुंचे।